6 मार्च 2025
शुक्रवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज





होली की खुशियों के बीच चली गोली: ढकाइच में युवक को मारी गोली, एक गिरफ्तार 2

# हर मुद्दे का हल सिर्फ आर्मी नहीं : पीएम मोदी

- पीएम मोदी ने वैश्विक संघर्षों पर दुनिया को संदेश दिया
- कहा, किसी भी मसले का हल सिर्फ सेना नहीं कर सकती



**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान अमेरिका जंग के बीच दुनिया को संदेश दिया है। उन्होंने कहा, किसी भी मसले का हल सिर्फ सेना नहीं कर सकती है। पीएम मोदी ने ये बयान रूस- यूक्रेन और ईरान- अमेरिका और इजरायल के बीच हो रही जंग को लेकर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नियम-कानून, संवाद और कूटनीति ही किसी भी संघर्ष को सुलझाने का सही रास्ता है। यह बात उन्होंने गुरुवार को दिल्ली में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही है। पीएम मोदी ने वैश्विक चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया को अब पुरानी वैश्विक संस्थाओं मं सुधार की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा, वैश्विक संस्थाओं का सुधार न सिर्फ जरूरी है, बल्कि बहुत जल्दी करना होगा। साथ ही, हर रूप में आतंकवाद को जड़ से खत्म करना हमारी साझा प्रतिबद्धता है। इस दौरान उन्होंने यूरोपीय संघ के साथ जनवरी में हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते का भी ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि अस्थिरता के इस दौर में भारत और यूरोप के रिश्ते स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रहे हैं। दोनों महाशक्तियां वैश्विक स्थिरता, विकास और समृद्धि को नई ताकत दे रही हैं। प्रधानमंत्री ने फिनलैंड के साथ रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने पर जोर दिया।

### कतर से आता था 40 फीसद तेल

भारत अपनी जरूरत का 40 फीसद एलएनजी कतर से लेता है। इन चिंताओं के बावजूद सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि भारत के पास फिलहाल लगभग 25 दिनों का कच्चे तेल का भंडार और 25 दिनों के पेट्रोलियम उत्पादों का स्टॉक उपलब्ध है।

### रूस-अमेरिका के किया एलान

भारत के दौरे पर आये अमेरिकी विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी क्रिस्टोफर लांडो ने नई दिल्ली में आयोजित 'रायसीना डायलाग' के एक सत्र में कहा कि, 'मुझे उम्मीद है कि आप (भारत) वैकल्पिक स्त्रोतों (रूस के अलावा) की तलाश कर रहे हैं, अमेरिका से बेहतर कोई विकल्प नहीं है।' फिर उन्होंने कहा कि, 'हम भारत के साथ संपर्क में है ताकि उसकी अल्पकालिक व दीर्घकालिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद कर सकें। हम भारत की ऊर्जा विविधता के हिसाब से बेहतर स्थिति में हैं।' रूस के भारत में राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा है कि, ह्लहम भारत को ऊर्जा आपूर्ति बढ़ाने के लिए हमेशा तैयार हैं।

# पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की राजनीति में विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस फैसले ने राज्य की राजनीतिक हलचल को और तेज कर दिया है। चुनाव से पहले राज्यपाल का पद छोड़ना एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। सीवी आनंद बोस ने 17 नवंबर 2022 को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में पदभार संभाला था। फिलहाल वह दिल्ली में मौजूद हैं और उनके इस्तीफे की आधिकारिक वजह सामने नहीं आई है। इस इस्तीफे के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में कई तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। राज्य में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और ऐसे समय में राज्यपाल का पद छोड़ना राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। हालांकि अब तक न तो राजभवन की ओर से और न ही केंद्र सरकार की ओर से इस फैसले को लेकर कोई विस्तृत आधिकारिक बयान जारी किया गया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस मामले को लेकर और स्पष्ट जानकारी सामने आ सकती है।

# नीतीश के राज्यसभा जाने से बिहार में पहली भाजपा सरकार बनने की संभावना

- नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए किया पर्चा दाखिल
- नीतीश कुमार के बेटे निशांत की राजनीति में इंट्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए किया पर्चा दाखिल



**एजेंसी/पटना**

बिहार की राजनीति में आज ऐतिहासिक दिन हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब राज्यसभा जा रहे हैं। नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए पर्चा भर दिया है। इधर पटना में नीतीश कुमार राज्यसभा के हैं। पोस्टर लगे हैं। वहीं नीतीश के राज्यसभा जाने को लेकर पटना में जेडीयू के कार्यकताओं ने विरोध-प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। वहीं तेजस्वी यादव ने नीतीश के राज्यसभा जाने पर कहा कि नीतीश के साथ हमारी सहानुभूति है। बीजेपी ने बिहार में महाराष्ट्र मॉडल लागू किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने पर बधाई दी और कहा कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी वापसी से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के ह्यसबका साथ, सबका विकासह्व के संकल्प को और मजबूती मिलेगी। शाह ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने को लेकर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को भी बधाई दी और कहा कि राज्य में एक लंबी और सफल राजनीतिक यात्रा के बाद, अब वह संसद के उच्च सदन के सदस्य के रूप में ह्यमहत्वपूर्ण योगदानह्व देंगे। कुमार और नवीन राजग के उन पांच उम्मीदवारों में शामिल हैं, जिन्होंने राज्यसभा चुनावों के लिए बृहस्पतिवार को अपना-अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने विधानसभा सचिव ख्याति सिंह के कार्यालय में शाह की उपस्थिति में नामांकन पत्र दाखिल किए। राजग के अन्य उम्मीदवार, जिन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया, उनमें भाजपा के प्रदेश महासचिव शिवेश कुमार, केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर (जदयू) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा शामिल हैं।

### नीतीश के राज्यसभा जाने के फैसले का सम्मान

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश की जनता को उस वक्त चैंका दिया, जब उन्होंने तय किया कि वे राज्यसभा जाएंगे। उन्होंने एक्स पोस्ट में यह जानकारी साझा की कि वे राज्यसभा जाएंगे। नीतीश कुमार ने गुरुवार को राज्यसभा उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र भी दाखिल कर दिया। भाजपा नेता जफर इस्लाम और रोहन गुप्ता ने नीतीश कुमार के इस फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम उनके फैसले का सम्मान करते हैं। भाजपा नेता जफर इस्लाम ने कहा कि यह तो नीतीश कुमार का फैसला है। उन्होंने खुद पोस्ट कर बताया कि वह राज्यसभा जाना चाहते हैं।

# राज्यसभा के लिए भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी

## महाराष्ट्र से विनोद तावड़े-रामदास अठावले उम्मीदवार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को भाजपा ने 4 प्रत्याशियों के नाम वाली दूसरी लिस्ट जारी की है। इसमें केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और माया चिंतामन इवनाते और रामराव वडकुते का नाम शामिल है।एक दिन पहले भाजपा ने राज्यसभा के लिए पार्टी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। इसमें 6 राज्यों से 9 नाम शामिल थे। अब 7 राज्यों से कुल 13 प्रत्याशियों के नाम का एलान हो चुका है। भाजपा द्वारा बुधवार को जारी लिस्ट के मुताबिक रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले राज्यसभा में एक और कार्यकाल के लिए तैयार हैं। जबकि भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े पहली बार राज्यसभा में जाएंगे।। रामराव वडकुटे और माया चिंतामण ईवनाटे के नाम भी



उम्मीदवारों की लिस्ट में हैं। बता दें कि दस राज्यों की 37 राज्यसभा सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 16 मार्च को आयोजित किए जाने हैं। मतों की गिनती उसी दिन की जाएगी। ये सीट अप्रैल में अलग-अलग तारीखों पर खाली हो रहे हैं। वैसे राज्य जहां से राज्यसभा सीट खाली हो रही हैं, वे हैं, महाराष्ट्र (सात सीट), तमिलनाडु (छह), पश्चिम बंगाल और बिहार (पांच-पांच), ओडिशा (चार), असम (तीन), हरियाणा, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ (दो-दो) तथा हिमाचल प्रदेश (एक)। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख पांच मार्च है।







केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण

बक्सर

बक्सर, 6 मार्च 2026
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम और एसपी ने किया त्रैमासिक निरीक्षण

■ सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी और अग्निशमन उपकरणों की जांच, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश




**केटी न्यूज/बक्सर**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बक्सर प्रखंड परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मार्च माह का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी साहिला एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में वेयरहाउस की सुरक्षा प्रणाली की जांच की गई। डीएम और एसपी ने वेयरहाउस परिसर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का परीक्षण किया तथा उनकी निगरानी व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही वेयरहाउस में स्थापित अग्निशमन यंत्रों की स्थिति और उनकी कार्यक्षमता की भी जांच की गई, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

अधिकारियों ने वेयरहाउस परिसर की साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं की भी समीक्षा की। इस दौरान मौके पर मौजूद उप निर्वाचन पदाधिकारी को वेयरहाउस परिसर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट मशीनें चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ऐसे में उनके सुरक्षित भंडारण और रखरखाव को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोग के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करते हुए वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को हमेशा चुस्त-दुरुस्त रखा जाए।

निरीक्षण के दौरान जिला अग्निशमन पदाधिकारी बक्सर, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इनमें भारतीय जनता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिसिस्ट), इंडियन नेशनल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिसिस्ट-लेनिनिस्ट) लिबरेशन तथा आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि शामिल थे। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा यह सुनिश्चित किया गया कि वेयरहाउस में रखी ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा पूरी तरह से मानकों के अनुरूप बनी रहे।

## एक नजर

### बढ़े दर पर होल्डिंग टैक्स की वसूली को लेकर समाजिक मंच 14 से देगा धरना

**डुमरांव।** नगर परिषद् डुमरांव के द्वारा धोखाधड़ी, वादा खिलाफी, तिकड़मबाजी से सूद माफी के नाम पर बढ़े दर से होल्डिंग टैक्स वसूली एवं अंचल प्रशासन डुमरांव द्वारा पुराने 1 से 26 वार्ड की जमाबंदी नागरिकों को नहीं देने, कैसरे हिंद भूमि के अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नहीं करने के संबंध में सामाजिक मंच डुमरांव की आपात बैठक जंगल बाजार रोड के निजी सभागार में आयोजित कि गई। बैठक में इस बात को सामने लाया गया की 09-09-2025 को बढ़े रेट के साक्ष्य एवं 28 सूत्री मांग पत्र का जवाब देने का लिखित आश्वासन दिया गया और अनिश्चितकालीन धरना स्थगित कराया गया। पुनः पत्र देकर जवाब देने के लिए अवधि विस्तार किया गया। अनुमंडलाधिकारी महोदय के निर्देश पर 5 सदस्यों की कमिटी बनाई गई परन्तु सामाजिक मंच डुमरांव द्वारा होल्डिंग टैक्स के बढ़े दर के साजिश के सभी साक्ष्य को ठंडे बस्ते में डाल कर नगर परिषद डुमराँव के तनाशाही के विरोध में बैठक की गई और सर्वसम्मत से 14 मार्च से अनिश्चितकालीन धरना का निर्णय लिया गया। धरने को सुचारू रूप से चलने हेतु संचालन समिति का गठन किया गया। आज की बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्य समता कुमार, विमलेश सिंह, श्याम जी गुप्ता, महेंद्र सिंह, अक्षय कुमार, राजेन्द्र केशरी, शमीम अंसारी, सुनील कुमार तिवारी, शिवजी कसेरा, विजय कसेरा,ललन यादव,बडक यादव, राहुल कुमार, राहुल सिंह, नागेन्द्र कुमार सिंह,ददन सिंह,सड़क यादव, बलराम सिंह, रिंकू यादव, संचालन प्रदीप कुमार शरण अध्यक्षता लाल मोहम्मद खान ने की।

### होली पर्व में भी नगरवासियों को स्टेशन रोड में जलजमाव से नहीं मिली मुक्ति



**डुमरांव।** नगर के मुख्य सड़क स्टेशन रोड में लगभग एक दशक से जलजमाव की समस्या है। इसका मुख्य कारण सड़क का जर्जर हो जाना है। जर्जर होने के बाद इसकी मरम्मत नहीं किया जा रहा है, जिससे यह समस्या और बढ़ती जा रही है। स्टेशन रोड के बॉसफोर महादलित बस्ती के के पास जलजमाव हो जाने से उनके घरों में पानी प्रवेश कर जाता है, जिससे रात जग्गा करने पर उन्हें मजबूर होना पड़ रहा है।

कई बार ऐसा हुआ है कि जलजमाव के कारण रोड में उभरे गड्ढे की गहराई का पता नहीं चलता और वाहन पलट जाते हैं। वाहन पलटने से लोग घायल होकर अपने घर नहीं जाकर अस्पताल की शरण में चले जाते हैं। स्टेशन रोड डुमरांव शहर की मुख्य सड़क है। इसी रोड के सहारे वाहन फोरलेन, बक्सर, सिमरी, चक्की, नावानगर होते हुए मलियाबाग एनएच से जाकर मिलता है। मलियाबाग से बिक्रमगंज, डिहरी होते हुए वाहन बंगाल, झारखंड के टाटा, बोकारो जाते हैं। बावजूद इस रोड को बनाने की दिशा में नहीं कोई जनप्रतिनिधि या कोई अधिकारी ही इसके बनाने के लिये कोई पहल किया है। इस संबंध में जब नप ईओ से बात की गई तो उन्होंने बताया की यह सड़क एनएच-120 की है, हमारे द्वारा कोई काम नहीं कराया जा सकता है। उन्होंने कहा की एनएच से इस रोड को नप डुमरांव मां डुमरेजिन मंदिर मोड़ से पुरानाभोजपुर चौक तक हैंडओवर करने की बात चल रही है, जिस दिन हैंडओवर हो जाएगा, रोड बनाने का काम शुरू हो जाएगा। हालांकि इस रोड के संबंध में स्थानीय विधायक राहुल सिंह ने बताया की रोड को बनाने के लिये प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है, जैसे ही उसकी स्वीकृति मिलती है, निविदा निकाला जाएगा।

## ट्रामा सेंटर वाराणसी में चल रहा इलाज, तीन नामजद आरोपितों में से एक को पुलिस ने भेजा जेल

# होली की खुशियों के बीच चली गोली: ढकाइच में युवक को मारी गोली, एक गिरफ्तार



○ रास्ते में घात लगाकर की गई फायरिंग में युवक गंभीर रूप से घायल

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

रंग, उमंग और भाईचारे का प्रतीक होली का त्योहार जहां पूरे इलाके में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा था, वहीं कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के बड़का ढकाइच गांव में चली गोली ने इस खुशहाल माहौल को दहशत में बदल दिया। होली के दिन हुई फायरिंग की इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश में छापेमारी जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना बुधवार की है, जब गांव में लोग रंग-गुलाल के साथ होली का त्योहार मना रहे थे। इसी दौरान बड़का ढकाइच गांव निवासी वीर बहादुर दूबे अपने पुत्र के साथ अपने पिता को भोजन देकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में पहले से घात लगाए तीन लोग अचानक उनके सामने आ गए और आते ही गाली-गलौज करने लगे। देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया।

पीड़ित पक्ष के अनुसार इसी दौरान आरोपितों ने उग्र होते हुए कहा कि ह्लक्या देख रहे हो, गोली मारो ह्व इसके बाद अचानक फायरिंग कर दी गई। चली गोली युवक की पीठ में जा लगी, जिससे वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास मौजूद लोग घटनास्थल की ओर दौड़े, लेकिन तब तक हमलावर मौके से भागने की कोशिश करने लगे। घटना के बाद घायल युवक के पिता वीर बहादुर दूबे ने किसी तरह अपने पुत्र को संभाला और तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर युवक के पेट में फंसी गोली को बाहर निकाल दिया है। फिलहाल उसका इलाज जारी है और उसकी स्थिति पर चिकित्सकों की लगातार निगरानी रखी जा रही है। पीड़ित पिता ने अपने बयान में यह भी आरोप लगाया है कि फायरिंग के बाद आरोपित अंधाधुंध गोलियां चलाते हुए धमकी दे रहे थे कि ह्लअभी तो बच गया, दूसरी बार नहीं बचेगा ह्व इस धमकी के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है।

घटना को लेकर वीर बहादुर दूबे के बयान पर कृष्णाब्रह्म थाना में तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। नामजद आरोपितों में पवन दूबे उर्फ मोनू दूबे, प्रशांत दूबे उर्फ सोनू दूबे तथा उनके पिता योगेंद्र दूबे शामिल हैं। बताया जाता है कि पवन और प्रशांत आपस में सगे भाई हैं।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी शुरू की और आरोपित योगेंद्र दूबे को गिरफ्तार कर लिया। उसे गुरुवार को न्यायालय में पेश कर दिया गया। वहीं अन्य दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। घटना के बाद घायल युवक के पिता ने घटनास्थल से बरामद एक खोखा भी पुलिस को सौंपा है। पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया है।

कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है, जबकि बाकी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। होली के दिन गांव में हुई इस घटना से स्थानीय लोगों में भी चिंता और आक्रोश का माहौल है। लोगों का कहना है कि जिस दिन गांव में रंग और खुशियों का माहौल होना चाहिए था, उसी दिन चली गोली ने पूरे गांव को भय और तनाव में डाल दिया।

# शराब पकड़वाने की कार्रवाई से खफा बदमाशों का पुलिस पर हमला, जवही दियर पिकेट के दो जवानों को पीटा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के जवही दियर में शराब के खिलाफ कार्रवाई से नाराज बदमाशों ने पुलिस पर ही हमला कर दिया। दियर पिकेट पर तैनात दो पुलिसकर्मियों को घेरकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया, जिसमें दोनों जवान घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार घटना 2 मार्च की दोपहर करीब 3:30 बजे की है। जवही दियर स्थित पुलिस पिकेट पर तैनात हवलदार रामप्यारे पासवान अपने सहयोगी सिपाही रौशन कुमार के साथ नियमित गश्त और सूचना संकलन के दौरान पास की एक किराना दुकान से सामान लेने गए थे। बताया जाता है कि दुकान से सामान लेकर जब दोनों पुलिसकर्मी वापस पिकेट की ओर लौट रहे थे, तभी रास्ते में तीन मोटरसाइकिलों पर सवार आठ से नौ बदमाशों ने उन्हें घेर लिया।

आरोप है कि हमलावर हाल ही में पिकेट पुलिस द्वारा शराब पकड़वाने की कार्रवाई से नाराज थे। इसी बात को लेकर उन्होंने पुलिसकर्मियों को धमकाते हुए उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में सिपाही रौशन कुमार के सिर पर गंभीर चोट लग गई और वे लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। वहीं हवलदार रामप्यारे पासवान को भी मारपीट में अंदरूनी चोटें आईं।

पीड़ितों के अनुसार हमलावरों ने दोनों पुलिसकर्मियों को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से भी जमकर पिटाई की। घटना के दौरान बदमाशों ने दोनों जवानों के मोबाइल फोन भी छीन लिए और मौके से फरार हो गए। हवलदार का ओप्पो कंपनी का मोबाइल और सिपाही रौशन कुमार का मोबाइल लेकर हमलावर भाग निकले।

घटना के दौरान आसपास मौजूद ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए बीच-बचाव किया, जिसके बाद बदमाश वहां से भागने में सफल रहे। इसी दौरान एक ग्रामीण ने पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में पुलिस को सौंप दिया गया।

वीडियो फुटेज और स्थानीय चौकीदार की पहचान के आधार पर पुलिस ने पांच आरोपियों की पहचान कर ली है, जबकि चार अन्य अभी भी अज्ञात बताए जा रहे हैं। घायल दोनों पुलिसकर्मियों को तुरंत ब्रह्मपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार सिपाही रौशन कुमार के सिर में गहरी चोट आई है, जबकि हवलदार को भी अंदरूनी चोटें लगी हैं। फिलहाल दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# होली में सफाई व्यवस्था चरमराई, लगा कूड़े का ढेर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर की सफाई व्यवस्था चरमराकर रह गई, जिससे हर चौक-चौराहों पर कूड़े का ढेर लग गया है। कूड़े का उठाव नहीं होने से फैलकर रोड और गली उसके जद में आ गया है। वहीं रोड पर रहने वालों और दुकानदारों को इसकी खामियाजा भुगतनी पड़ रही है। कूड़े वाहनों के गुजरने के झोके से उड़कर लोगों को राह में चलना मुश्किल हो गया है। इधर नप के अधिकारी से लेकर वार्ड पार्षदों तक चौन की बंसी बजा अनभिज्ञ बने हुए हैं। मालूम हो कि सफाई के लिये नप सफाई एनजीओ पर प्रतिमाह लगभग 92 लाख रूपया खर्च करता है। नगरवासियों का कहना है कि 40 लाख रूपया से बढ़कर 92 लाख रूपया कैसे हो गया। नगरवासियों का स्वच्छ एवं सुंदर डुमरांव बनाने का सपना पूरा होते हुए नजर नहीं आ रहा है। मोहल्लों के गलियों में रहने वालों का कहना है कि सप्ताह में एकबार ही सफाई कमी आते हैं। ऐसे में सहज अनुमान लगया जा सकता है कि सफाई पर इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बाद भी प्रतिदिन कूड़े का उठाव क्यों नहीं किया जाता है, सभी के जुबान पर यह सवाल हैं। इतना ही नहीं कई मोहल्लां में पेयजल की समस्या भी है, चापाकल और बोरिंग खराब पड़े हुए है, लेकिन नप का उस पर भी ध्यान नहीं है। पीएचईडी के द्वारा शहर में बिछाए भूमिगत पाइन टूट गए हैं, जिससे पूरे दिन पानी बहकर बर्बाद होते रहता है। इतना ही नहीं पाइप से बहने वाला पानी जलजमाव की स्थिति उत्पन्न कर देता है, जिससे आम जीवन प्रभावित होता है।

Mob: 9122226720
कुमार आर्थोपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार



7.12.25_1.09.25 Final.qxd 04-02-2026 03:20 Page 3



# हूटर, हाई अलर्ट और सख्ती की होली: डुमरांव में प्रशासनिक पहरे में बीता रंगोत्सव

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल में इस बार होली का रंग उत्साह के साथ-साथ प्रशासनिक सख्ती में भी साफ नजर आया। डुमरांव, नया भोजपुर और कोरानसराय क्षेत्र में रंगों का त्योहार पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सुबह से लेकर शाम तक सड़कों पर पुलिस की सक्रियता और हूटर बजाती गश्ती गाड़ियों की मौजूदगी ने असामाजिक तत्वों को पूरी तरह दबाव में रखा। नतीजा यह रहा कि आधा दर्जन छोटे-मोटे विवादों को छोड़कर



कहीं भी कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई।

इस बार प्रशासन ने त्योहार से पहले ही साफ संकेत दे दिया था कि नियमों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। शांति समिति की बैठकों में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया गया। मुख्य सड़कों पर डीजे और जुलूस पूरी तरह प्रतिबंधित रहे। हर वर्ष डीजे और जुलूस के कारण सड़कों पर अव्यवस्था की स्थिति बनती थी, लेकिन इस बार प्रशासन की सख्ती के कारण ऐसा कोई दृश्य देखने को नहीं मिला। पूरे अनुमंडल में अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पोलस्त कुमार लगातार निगरानी में लगे रहे। दोनों अधिकारी खुद सड़कों पर उतरकर हालात का जायजा लेते रहे। उनके साथ कार्यपालक पदाधिकारी राहुल धर दुबे, डीसीएलआर टेश लाल सिंह और बीडीओ संदीप कुमार पांडेय समेत अन्य अधिकारी भी विभिन्न इलाकों में भ्रमण करते रहे। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था और गश्ती दल लगातार सक्रिय रहे। हालांकि कुछ गली-मोहल्लों में निजी स्तर पर सीमित आवाज में डीजे बजते जरूर सुनाई दिए, लेकिन मुख्य मार्गों पर न तो जुलूस निकला और न ही कहीं यातायात बाधित हुआ। आम लोगों ने भी प्रशासन की सख्ती को देखते हुए नियमों का पालन किया और त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया।

इधर पुलिस ने शराबबंदी कानून को लेकर भी विशेष अभियान चलाया। नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार के नेतृत्व में पुराना भोजपुर-सिमरी रोड से 160 लीटर देशी शराब बरामद की गई और तीन मोटरसाइकिल जब्त की गई। वहीं डुमरांव थाना क्षेत्र के पीड़िया गांव में होली के दौरान हुई मारपीट की घटना में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस दौरान 24 लीटर शराब भी बरामद हुई।

## एक नजर

### किला मैदान स्थित कटरा का शीघ्र आवंटन हो, सैकड़ों युवाओं को मिलेगा रोजगार : डॉ. मनोज पांडे

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे के नेतृत्व में गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर शहर के विकास, रोजगार सृजन और जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक किला मैदान में निर्मित कटरा के शीघ्र आवंटन की मांग प्रमुखता से उठाई।डॉ. मनोज पांडे ने जिलाधिकारी को बताया कि किला मैदान में सीढ़ी (गैलरी) के पीछे दक्षिण और पश्चिम दिशा में राज्य सरकार के कोष से कटरा का निर्माण काफी पहले पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक उसका आवंटन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में हो रही देरी से स्थानीय नागरिकों, छोटे व्यवसायियों और बेरोजगार युवाओं में निराशा बढ़ रही है।उन्होंने कहा कि यदि कटरा का पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से आवंटन किया जाता है, तो इससे सैकड़ों बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा और शहर की आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही वर्तमान में शहर की मुख्य सड़कों के किनारे अव्यवस्थित ढंग से व्यवसाय कर रहे सब्जी विक्रेताओं और छोटे दुकानदारों को स्थायी स्थान मिल सकेगा।डॉ. पांडे ने कहा कि सड़क किनारे दुकानों के कारण अक्सर जाम और यातायात बाधा की स्थिति बनती रहती है। यदि इन व्यवसायियों को किला मैदान स्थित कटरा में व्यवस्थित रूप से स्थान दिया जाता है, तो शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और आम लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कटरा के नियमित आवंटन से नगर परिषद को प्रतिवर्ष लाखों रुपये का राजस्व प्राप्त हो सकता है, जिससे नगर के विकास कार्यों को गति मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

### शराबबंदी पर पुलिस की कड़ी मार : 24.78 लीटर विदेशी शराब जब्त, चार गिरफ्तार

**डुमरांव।** डुमरांव थाने की पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 24.78 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया, जबकि शराब पीने के आरोप में दो अन्य लोगों को भी पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि इलाके में अवैध शराब की खेप पहुंचाई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। इस दौरान पीड़िया गांव निवासी बुढ्ढा यादव पिता बेचू यादव और गणेश सिंह उर्फ गणेश यादव पिता स्व. पूर्णवाशी यादव को रंगे हाथों विदेशी शराब के साथ दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 24.78 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। इधर, शराब सेवन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया। पकड़े गए लोगों में निमेज टोला, डुमरांव निवासी सिंटू रजक पिता दीनानाथ रजक तथा कपिल मुनि गेट निवासी नीरज कुमार चौधरी पिता लंगटू चौधरी शामिल हैं। दोनों की चिकित्सीय जांच कराई गई, जिसमें शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## सुबह से बच्चों की टोलियों ने जमाया रंग, शाम को गुलाल और बधाईयों के साथ देर रात तक चलता रहा मिलन का सिलसिला, मुस्तैद रहा पुलिस-

# रंग, उमंग और भाईचारे का संदेश : छिटपुट घटनाओं के बीच बक्सर में शांतिपूर्ण रही होली



**केटी न्यूज/बक्सर**

रंगों और खुशियों का पर्व होली इस बार भी बक्सर जिले में पूरे पारंपरिक उल्लास, उमंग और भाईचारे के माहौल के साथ मनाया गया। बुधवार को जिलेभर में लोगों ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाए और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। हालांकि कहीं-कहीं से छिटपुट घटनाओं की खबरें जरूर सामने आईं, लेकिन कुल मिलाकर जिला पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और लोगों ने खुले दिल से रंगोत्सव का आनंद लिया। सुबह की पहली किरण के साथ ही होली का रंग बच्चों के सिर चढ़कर बोलने लगा था। मोहल्लों और गलियों में बच्चों की टोलियां रंग और पिचकारी लेकर निकल पड़ीं। कोई अपने दोस्तों को रंगने के लिए दौड़ रहा था तो कोई पिचकारी से रंगों की बौछार कर रहा था। बच्चों की खिलखिलाहट और उत्साह से पूरा माहौल रंगीन हो उठा था। दिन चढ़ने के साथ ही होली का रंग और गहराता चला गया। युवा वर्ग ने ढोलक और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए जमकर होली खेली। वहीं बुजुर्ग भी पीछे नहीं रहे। कई स्थानों पर लोग पारंपरिक फगुआ गीत गाते नजर आए। महिलाओं ने भी एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

होली के मौके पर घरों में सुबह से ही पकवानों की खुशबू फैलने लगी थी। पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार घरों में गुजिया, दहीबड़ा, मालपुआ, पापड़, कचौड़ी और कई तरह की मिठाइयां बनाई गईं। परिवार के सदस्य और रिश्तेदार इन स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते नजर आए। त्योहार की रौनक हर घर में साफ दिखाई दे रही थी। दोपहर तक रंग खेलने का दौर जारी रहा। इसके बाद लोग नहा-धोकर नए कपड़े पहनकर फिर से एक-दूसरे के घर जाने लगे। हाथों में गुलाल और चेहरे पर मुस्कान लिए लोग अपने मित्रों, रिश्तेदारों और पड़ोसियों के घर जाकर होली की बधाई दे रहे थे। शाम ढलने के साथ यह सिलसिला और तेज हो गया। शहर से लेकर गांव तक हर जगह होली मिलन का माहौल दिखा और देर रात तक लोग एक-दूसरे से मिलकर शुभकामनाएं देते रहे। बक्सर और डुमरांव जैसे शहरी इलाकों के साथ-साथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिला। गांव की चौपालों और गलियों में लोग रंगों में सराबोर होकर फगुआ गाते और नाचते नजर आए। इस दिन न तो महंगाई की चिंता दिखी और न ही किसी प्रकार की सामाजिक दूरी। सभी वर्गों और समुदायों के लोग एक साथ मिलकर होली खेलते नजर आए, जो सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल बना। दूसरी ओर होली को लेकर पुलिस-प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहा। जिले के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। बक्सर शहर में खुद पुलिस कप्तान शुभम आर्य विधि-व्यवस्था की निगरानी करते नजर आए, जबकि डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली हुई थी। जिले के सभी थानों की पुलिस टीम लगातार गश्त करती रही और किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए निगरानी बनाए रखी गई। कई प्रमुख स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इसके अलावा साइबर सेनानी ग्रुप और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भी पुलिस प्रशासन हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए था। पुलिस की इसी सतर्कता और लोगों की समझदारी के कारण जिले में होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका। त्योहार के शांतिपूर्ण समापन के बाद पुलिस-प्रशासन ने भी राहत की सांस ली और लोगों ने इस बार की होली को यादगार और सौहार्दपूर्ण बताया।

## नरबतपुर में आग का कहर : झोपड़ी जलकर राख चाय बेचकर गुजारा करने वाले परिवार पर टूटा संकट



**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा नगर पंचायत क्षेत्र के नरबतपुर गांव में आग लगने की घटना ने एक गरीब परिवार को गहरे संकट में डाल दिया। गांव-गांव घूमकर चाय बेचकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले नंदू कहार की झोपड़ी में अचानक लगी आग ने देखते ही देखते उनकी पूरी गृहस्थी को राख में बदल दिया। इस घटना में करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई, जिससे परिवार के सामने रहने और खाने तक का संकट खड़ा हो गया है।

बताया जाता है कि घटना उस समय हुई जब नंदू कहार का परिवार घर पर खाना बनाकर किसी काम से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान झोपड़ी से अचानक धुआं उठने लगा। धुआं और आग की लपटें देख आसपास के ग्रामीणों ने शोर मचाकर लोगों को इकट्ठा किया और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर नंदू कहार और उनके परिजन भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक झोपड़ी और उसमें रखा लगभग सारा सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित नंदू कहार ने बताया कि आग की घटना में घर में रखा गेहूं, चावल सहित अन्य खाद्यान्न, चारपाई, बक्से में रखे नए कपड़े तथा करीब 20 हजार रुपये नगद जलकर नष्ट हो गए। मेहनत-मजदूरी और चाय बेचकर धीरे-धीरे जो सामान उन्होंने जुटाया था, वह पल भर में आग की भेंट चढ़ गया। आग लगने के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद परिवार पूरी तरह से बेघर और असहाय हो गया है। पीड़ित ने स्थानीय थाना और अंचल पदाधिकारी को आवेदन देकर घटना की जानकारी दी है तथा प्रशासन से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में चौसा अंचल के राजस्व अधिकारी उद्धव मिश्रा ने बताया कि आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधानों के तहत सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## नहर में अचानक पानी छोड़े जाने से 60-70 बीघा फसल पर संकट




**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड क्षेत्र के केसठ 3 नहर लाइन में अचानक नहर विभाग द्वारा पानी छोड़े जाने से किसानों की तैयार खड़ी फसल पर संकट गहरा गया है। अचानक पानी आने के कारण कई खेतों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे गेहूं, चना और सरसों की फसल बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गई है।

स्थानीय किसानों विजुली सिंह, सुदर्शन यादव, जज यादव, रवि सिंह, हरिहर यादव, बृजकिशोर सिंह, मदन सिंह समेत दर्जनों किसानों ने बताया कि लगभग 60-70 बीघा खेत में तैयार खड़ी फसल प्रभावित हुई है। किसानों का कहना है कि यदि एक-दो दिनों के भीतर खेतों से पानी की निकासी नहीं हुई तो पूरी फसल नष्ट हो सकती है, जिससे भारी आर्थिक नुकसान होगा।

किसानों ने प्रशासन से तत्काल जलनिकासी की व्यवस्था कराने और क्षति का आकलन कर मुआवजा देने की मांग की है। इस संबंध में अवर नहर प्रमंडल सिद्धपुर के कनीय अभियंता पप्पू कुमार ने बताया कि बतसा में असामाजिक तत्वों द्वारा होली के दिन नहर का फाटक खोल दिया गया, जिसके बाद क्षेत्र की विभिन्न वितरण प्रणाली में पानी पहुंच गया। उन्होंने कहा कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वही पानी की फाटक को बंद कर दिया आ गया है।

## केसठ में आयोजित हुआ पत्रकार सम्मान समारोह सादगी से मनाया गया होली मिलन समारोह

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के सभी पत्रकारों के सम्मान में मंगलवार को बीडीसी सदस्य असलम हुसैन उर्फ असलम भाई ने अपने आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकार उपस्थित रहे। इस अवसर पर असलम भाई ने सभी पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पावन रमजान माह चल रहा है, जिसे देखते हुए कार्यक्रम को सादगीपूर्ण रखा गया है। अन्यथा होली मिलन समारोह को और भी भव्य रूप से आयोजित किया जाता। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाकर समाज और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं। ऐसे में उनका सम्मान करना हम सबका दायित्व है।

कार्यक्रम के दौरान आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया गया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की बधाई दी और क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।



### होली को लेकर नावानगर पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति व भाईचारे का दिया संदेश

**केसठ।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर नावानगर थाना पुलिस ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार के नेतृत्व में सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया।फ्लैग मार्च प्रखंड के कई संवेदनशील क्षेत्रों से गुजरते हुए स्थानीय नया बाजार और पुराना बाजार पहुंचा। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने आम लोगों से होली का त्योहार आपसी भाईचारा, प्रेम और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी से आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा दिखाई दिया।

# हेठुआ में युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत से बवाल, हत्या का आरोप, पांच नामजद

- **होली के दिन हुए विवाद के बाद रात में घर में घुसकर मारपीट का आरोप, गला दबाकर हत्या की आशंका, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया बक्सर-कोचस मार्ग जाम**

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर थाना क्षेत्र के हेठुआ गांव में दरवाजे पर सो रहे 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद इलाके में तनाव फैल गया। परिजनों ने गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह भलुहा गांव के समीप बक्सर-कोचस मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे काफी देर तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास करती रही।

मृतक की पहचान हेठुआ गांव के कमकर टोला निवासी भागीरथी सिंह के 22 वर्षीय पुत्र मंटू मौर्य के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतक के पिता के लिखित आवेदन पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है।

परिजनों के अनुसार होली के दिन शाम करीब सात बजे गांव के ही कुछ लोगों के साथ पुराने विवाद को लेकर मंटू मौर्य की कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इसी दौरान राजू खरवार, रोहित खरवार, सुनील खरवार, संजय खरवार और सुरेंद्र खरवार ने उसके साथ मारपीट भी की थी। मारपीट के बाद गांव के ही एक युवक ने उसे किसी तरह घर पहुंचाया था।

घर पहुंचने के बाद मंटू ने अपने साथ हुई मारपीट की पूरी जानकारी परिवार के लोगों को दी। बताया जाता है कि इसके बाद वह रात में खाना खाकर अपने दरवाजे पर सो गया। परिजनों का आरोप है कि रात करीब 11.30 बजे वही लोग फिर से उसके घर पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए दरवाजा पीटने लगे। मृतक की मां प्रमिला देवी ने जब दरवाजा खोला तो आरोपित जबरन घर में घुस आए। परिजनों का आरोप है कि आरोपितों ने घर में घुसकर प्रमिला देवी के साथ भी मारपीट की और मंटू मौर्य पर जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि इस हमले के दौरान मंटू अचेत होकर गिर पड़ा।

घटना के बाद परिजन उसे आनन-फानन में इलाज के लिए राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि मंटू की गर्दन पर दबाव के निशान दिखाई दे रहे थे, जिससे गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही राजपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर के पुराने सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार की सुबह शव गांव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

आक्रोशित ग्रामीणों ने लगभग सुबह दस बजे भलुहा गांव के समीप बक्सरहकोचस मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि मंटू मौर्य की गला दबाकर हत्या की गई है और इसमें शामिल सभी आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की जाए। साथ ही मृतक के परिजनों को सरकारी मुआवजा देने की भी मांग की जा रही थी।

# गंगा स्नान बना त्रासदी: होली के दिन डूबे दो किशोर, एक की मौत से पसरा मातम

- **पुलिया घाट पर भीड़ के बीच हादसा, स्थानीय गोताखोरों ने एक को बचाया, दूसरे का शव गुरुवार सुबह बरामद, सुरक्षा इंतजामों पर उठे सवाल**

**केटी न्यूज/बक्सर**

होली की खुशियों के बीच बक्सर के गंगा घाट पर हुआ एक दर्दनाक हादसा पूरे इलाके को गमगीन कर गया। पुलिया घाट पर स्नान के दौरान दो किशोर गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय लोगों की तत्परता से एक बच्चे को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि दूसरा किशोर लहरों में समा गया। गुरुवार की सुबह स्थानीय गोताखोरों ने काफी खोजबीन के बाद उसका शव बरामद किया।

जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह करीब 10 बजे पुलिया घाट पर बड़ी संख्या में लोग होली के अवसर पर गंगा स्नान कर रहे थे।



इसी दौरान दो किशोर स्नान करते-करते अचानक गहरे पानी की ओर बढ़ गए और देखते ही देखते तेज धारा में डूबने लगे। घाट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया तो कुछ स्थानीय युवकों और गोताखोरों ने बिना देर किए गंगा में छलांग लगा दी।

काफी मशक्कत के बाद एक किशोर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि दूसरे किशोर को समय रहते नहीं बचाया जा सका और वह गंगा की तेज धारा में लापता हो गया।

लापता किशोर की पहचान छोटकी सारीमपुर निवासी विश्वजीत पांडेय के 13 वर्षीय पुत्र कुश पांडेय के रूप में हुई है। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर प्रशासनिक टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन प्रारंभिक स्तर पर खोज अभियान को लेकर स्थानीय लोगों ने धीमी कार्रवाई का आरोप लगाया।

परिजनों और ग्रामीणों ने देर शाम तक अपने स्तर पर भी किशोर की तलाश की। इसके बाद गुरुवार की सुबह स्थानीय गोताखोरों ने फिर से खोज अभियान चलाया, जिसमें कुछ देर बाद गंगा से किशोर का शव बरामद कर लिया गया।

इस घटना के बाद गंगा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि होली जैसे बड़े पर्व पर हजारों श्रद्धालु स्नान करने पहुंचते हैं, इसके बावजूद पर्याप्त बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड और प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती नहीं की गई थी। लोगों ने प्रशासन से घाटों पर सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।